WWW.JAGRANJOSH.COM

# आईबीपीएस-सीडब्ल्यूई लिपिकीय परीक्षा (IInd Siting) 2011: तर्कशक्ति का प्रश्नपत्र

## तर्कशक्ति

प्र.1. एक खास कोड में 'BUILT' को '5#32@' लिखा जाता है और 'TRIBE' को '@935©' लिखा जाता है | उस कोड में 'RULE' लिखा जाता है ?

(1) 9#2© (2) 92#© (3) @#2© (4) @2#© (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.2. प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर का केवल एक ही बार प्रयोग किया जाए तो शब्द PERISHED के दूसरे, चौथे, पांचवें और आठवें अक्षर से, S से आरंभ होने वाले कितने शब्द बनाए जा सकते हैं ? (गिनती बाएं से करनी होगी)

(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो (4) तीन (5) तीन से अधिक

प्र.3. संख्या 837912 के भीतर इसके अंकों को अवरोही क्रम में (बाएं से दाएं) पुनः लगाया जाए तो कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा ?
(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो (4) तीन (5) तीन से अधिक

प्र.4. शब्द STREAMING में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें से प्रत्येक के बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं ? (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में)
(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो (4) तीन (5) तीन से अधिक

प्र.5. एक खास कोड में 'CLEAR' को 'SBFMD' लिखा जाता है और 'BONDS' को 'TEOPC' लिखा जाता है । उस कोड में 'STALE' कैसे लिखा जाता है ?
(1) DKZSR (2) BUTFM (3) TUBMF (4) FMBUT (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.6-10. अंकों, अक्षरों और प्रतीकों की निम्नलिखित व्यवस्था को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
R @ 2 9 T V A Y 5 © # J 1 P 8 Q $ E 3 ★ H % 6 W 4 I δ U Z

प्र.6. उपरोक्त व्यवस्था में उनके स्थान के आधार पर निम्नलिखित पांच में से चार किसी प्रकार समान हैं इसलिए उनका एक समूह बनता है । वह एक कौन सा है जो इस समूह में **नहीं** आता है ?
(1) J P © (2) E Q ★ (3) W I % (4) 9 V @ (5) 1 # δ

प्र.7. दाएं छोर से उन्नीसवें तत्व के दाएं को पांचवां निम्न में से कौन सा है ?
(1) P (2) V (3) W (4) 8 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.8. उपरोक्त व्यवस्था में ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के एकदम पहले एक व्यंजन और एकदम बाद में एक प्रतीक है ?
(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार (5) चार से अधिक

प्र.9. यदि उपरोक्त व्यवस्था में अंतिम अठारह तत्वों का स्थान उलट दिया जाए, तो बाएं छोर से सत्रहवां निम्न में से कौन सा होगा ?
(1) E (2) P (3) W (4) 6 (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.10. उपरोक्त व्यवस्था में ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से या तो एकदम बाद में एक प्रतीक या एकदम पहले एक प्रतीक है ?
(1) कोई नहीं (2) एक (3) दो (4) तीन (5) चार

प्र.11-15. निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

A, B, C, D, E, F, G और H केंद्र की ओर मुंह करके एक गोलाकार मेज के गिर्द बैठे हैं, जरूरी नहीं कि उसी क्रम में । F, A के बाएं को चौथे स्थान पर और C के दाएं को दूसरे स्थान पर है । B, A के बाएं को दूसरे स्थान पर है और A, G की दाईं बगल में है । E, जो B की बगल में नहीं है, D के बाएं को चौथे स्थान पर है ?

प्र.11. निम्न में से कौन सा **सही** है ?
(1) F, B के बाएं को तीसरा है (2) H, D के बाएं को तीसरा है (3) C, B के बाएं को तीसरा है
(4) E, F के बाएं को तीसरा है (5) सभी सही हैं

प्र.12. G के संबंध में H का स्थान कौन सा है ?
(1) दाएं को पांचवां (2) बाएं को तीसरा (3) दाएं को तीसरा (4) बाएं को पांचवां (5) बाएं को चौथा

प्र.13. E के दाएं को दूसरा कौन है ?
(1) C (2) H (3) G (4) A (5) डाटा अपर्याप्त है

प्र.14. F की दाईं बगल में कौन है ?
(1) D (2) H (3) B (4) C (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.15. निम्न में से कौन सा जोड़ा A के अगल-बगल बैठने वालों को निरूपित करता है ?
(1) EB (2) GC (3) EG (4) ED (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.16-20. निम्नलिखित प्रश्नों में ©, δ, $, ★ और % प्रतीकों का नीचे बताए गए अर्थों में प्रयोग किया गया है :
'P δ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है'।
'P % Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है'।
'P © Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न छोटा'।
'P $ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा है'।
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q छोटा है'।

अब निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दिए गए कथन को सत्य मानते हुए पता लगाइए कि उनके नीचे दिए गए दो निष्कर्षों I और II में से कौन सा (से) निश्चित रूप से सत्य है (हैं) ?

उत्तर (1) दीजिए यदि **केवल** निष्कर्ष I सत्य है । उत्तर (2) दीजिए यदि **केवल** निष्कर्ष II सत्य है । उत्तर (3) दीजिए यदि **या तो** निष्कर्ष I या II सत्य है । उत्तर (4) दीजिए यदि **न तो** निष्कर्ष I नहीं II सत्य है । उत्तर (5) दीजिए यदि **दोनों** निष्कर्ष I और II सत्य हैं ।

प्र.16. कथन : R $ J, J % M, M © K
निष्कर्ष : I. K © J II. K ★ J

प्र.17. कथन : D δ R, M $ R, M © F
निष्कर्ष : I. F $ D II. F $ R

प्र.18. कथन : H © F, F $ R, R ★ K
निष्कर्ष : I. R ★ H II. K $ F

प्र.19. कथन : B % D, D ★ T, T δ R
निष्कर्ष : I. B $ T II. R $ D

प्र.20. कथन : M % N, N ★ A, A $ B
निष्कर्ष : I. B ★ N II. A $ M

प्र.21-25. नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न और उसके नीचे दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं है। दोनों कथनों को पढ़िए और

उत्तर (1) दीजिए यदि **केवल** कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। उत्तर (2) दीजिए यदि **केवल** कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। उत्तर (3) दीजिए **यदि** या तो केवल कथन I या केवल कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। उत्तर (4) दीजिए यदि कथन I और कथन II दोनों का डाटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** है। उत्तर (5) दीजिए यदि कथन I और कथन II **दोनों** का डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक है।

प्र.21. गांव P, गांव R से किस दिशा की ओर है ?
I. गांव R, गांव T के दक्षिण-पूर्व को है और T, गांव P के उत्तर को है।
II. गांव Q, गांव P के दक्षिण को है और गांव R के दक्षिण-पश्चिम को है।

प्र.22. A, B, C, D और E में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। इनमें से तीसरा सबसे लंबा कौन है ?
I. E केवल B से छोटा है।
II. C केवल A से लंबा है।

प्र.23. K की कितनी बहने हैं ?
I. M, K की बहन है।
II. K की माता की तीन संतानें हैं।

प्र.24. उत्तर की ओर मुंह किए हुए तीस छात्रों की एक पंक्ति में, बाएं छोर से R का स्थान कौन सा है ?
I. R व Q के बीच बारह छात्र हैं।
II. T, दाएं छोर से दसवां है और T व R के बीच सोलह छात्र हैं।

प्र.25. कोड भाषा में 'go' कैसे लिखा जाता है ?
I. उस कोड भाषा में 'go over there' को 'pa da na' लिखा जाता है।
II. उस कोड भाषा में 'go and sit' को 'sa ka pa' लिखा जाता है।

प्र.26-30. निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

एक संस्था में लेखा अधिकारी के चयन की शर्तें निम्नलिखित हैं :

**उम्मीदवार** —

(i) 1.11.2011 को कम से कम 21 वर्ष का हो और 26 वर्ष से अधिक का न हो।

(ii) कम से कम 55% कुल अंकों के साथ कामर्स ग्रेजुएट (B.Com.) हो।

(iii) को किसी संस्था के लेखा विभाग में कम से कम दो वर्ष का काम करने का अनुभव हो।

(iv) को चयन प्रक्रिया में कम से कम 50% अंक मिले हों।

ऐसे उम्मीदवार के मामले में जो सभी शर्तें पूरी करता हो **सिवाय** —

(a) उपरोक्त (i) के, लेकिन कम से कम 21 वर्ष का हो और 28 वर्ष से अधिक आयु का न हो और उसे किसी संस्था में लेखा सहायक के तौर पर काम करने का पांच साल का अनुभव हो, तो उसका मामला GM - लेखा को भेजा जाएगा।

(b) उपरोक्त (ii) के, लेकिन उसे ग्रेजुएशन में कम से कम 50% कुल अंक मिले हों और चयन प्रक्रिया में कम से कम 55% अंक मिले हों, तो उसका मामला VP - लेखा को भेजा जाएगा।

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक उम्मीदवार का ब्योरा दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में उपलब्ध कराई गई जानकारी और ऊपर दी गई शर्तों के आधार पर आपको निम्नलिखित में से एक कार्रवाई करनी है और उस कार्रवाई की संख्या को अपने उत्तर के रूप में दर्शाना है। प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना के अलावा आपको और कोई अनुमान नहीं लगाना है। ये सभी मामले आपको यथा 1.11.2011 दिए गए हैं।

उत्तर (1) दीजिए यदि मामला GM – लेखा को भेजा जाना है।

उत्तर (2) दीजिए यदि मामला VP – लेखा को भेजा जाना है।

उत्तर (3) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन किया जाना है।

उत्तर (4) दीजिए यदि उम्मीदवार का चयन **नहीं** किया जाना है।

उत्तर (5) दीजिए यदि उपलब्ध कराया गया डाटा निर्णय लेने के लिए अपर्याप्त है।

अब प्रत्येक प्रश्न में दी गई जानकारी को पढ़िए और तदनुसार अपना उत्तर दर्शाइए।

प्र.26. उमेश चौकसी का जन्म 25 नवंबर, 1989 को हुआ था। उसे B.Com. में कुल 60% अंक और चयन प्रक्रिया में 65% अंक मिले हैं। वह एक संस्था के लेखा विभाग में पिछले तीन वर्ष से कार्यरत है।

**प्र.27.** प्रतिभा काले का जन्म 6 जून, 1988 को हुआ था । उसे B.Com. में कुल 60% अंक और चयन प्रक्रिया में 49% अंक मिले हैं । वह पिछले तीन वर्षों से एक संस्था के लेखा विभाग में कार्यरत है ।

**प्र.28.** अरूण पाटिल को ग्रेजुएशन में कुल 55% अंक मिले हैं । वह एक संस्था के लेखा विभाग में पिछले चार वर्ष से काम कर रहा है । चयन प्रक्रिया में उसे 50% अंक मिले हैं । उसका जन्म 12 जुलाई, 1988 को हुआ है ।

**प्र.29.** प्रभा दीक्षित का जन्म 18 अप्रैल, 1985 को हुआ था । वह पिछले पांच वर्ष से एक संस्था में लेखा सहायक के रूप में कार्यरत है। उसे B.Com. में कुल 60% और चयन प्रक्रिया में 55% अंक मिले हैं ।

**प्र.30.** अमूल वर्मा को B.Com. में कुल 50% अंक और चयन प्रक्रिया में 60% अंक मिले हैं । वह पिछले चार वर्ष से एक संस्था के लेखा विभाग में काम कर रहा है । उसका जन्म 2 जनवरी 1987 को हुआ था ।

**प्र.31-35.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

P, Q, R, S, T, V और W सात मित्र हैं । इनमें से प्रत्येक को एक खास फल पसंद है यथा सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, संतरा, आम और तरबूज और इनमें से प्रत्येक का एक पसंदीदा शहर है यथा मुंबई, पूना, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और कोचीन । सातों मित्रों की फल और शहर की पसंद का इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है ।

Q को आम पसंद है और उसकी पसंद का शहर चेन्नई है । जिसे पूना शहर पसंद है उसकी पसंद का फल तरबूज है । T का पसंदीदा शहर कोलकाता है । R को अमरूद पसंद है और उसकी पसंद का शहर मुंबई नहीं है । W का पसंदीदा शहर कोचीन है और उसे न तो केला पसंद है न नाशपाती । जिसे संतरा पसंद है उसका पसंदीदा शहर हैदराबाद है । T को नाशपाती पसंद नहीं है । P का पसंदीदा शहर न तो पूना है न हैदराबाद । S को तरबूज पसंद नहीं है ।

**प्र.31.** सेब किसे पसंद है ?

(1) W (2) T (3) V (4) P (5) डाटा अपर्याप्त है

**प्र.32.** P को कौन सा फल पसंद है ?

(1) सेब (2) संतरा (3) नाशपाती (4) तरबूज (5 ) इनमें से कोई नहीं

**प्र.33.** R का पसंदीदा शहर कौन सा है ?

(1) मुंबई (2) पूना (3) हैदराबाद (4) दिल्ली (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.34.** निम्न में से व्यक्ति-फल-शहर का कौन सा संयोजन **सही नहीं** है ?

(1) R - अमरूद - कोलकाता (2) V - तरबूज - हैदराबाद (3) T - केला - कोचीन
(4) S - अमरूद - दिल्ली (5) सभी गलत हैं

**प्र.35.** V का पसंदीदा शहर कौन सा है ?

(1) हैदराबाद (2) पूना (3) मुंबई (4) डाटा अपर्याप्त है (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.36-40.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों । सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

उत्तर (1) दीजिए यदि **केवल** निष्कर्ष I अनुसरण करता है । उत्तर (2) दीजिए यदि **केवल** निष्कर्ष II अनुसरण करता है । उत्तर (3) दीजिए यदि **या तो** निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है । उत्तर (4) दीजिए यदि **न तो** निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है । उत्तर (5) दीजिए यदि **दोनों** निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं ।

**प्र.36.** कथन : **कुछ गीयर चक्के हैं । सभी चक्के ब्रेकें हैं ।**
निष्कर्ष : I. कोई ब्रेक गीयर नहीं है । II. कम से कम कुछ गीयर ब्रेकें हैं

**प्र.37.** कथन : **कोई महीना वर्ष नहीं है । कोई वर्ष सैकंड नहीं है ।**
निष्कर्ष : I. सभी महीने सैकंड हैं । II. कोई सैकंड महीना नहीं है ।

**प्र.38.** कथन : **कोई विमान पहाड़ नहीं है । कुछ पहाड़ नगर हैं ।**
निष्कर्ष : I. कोई नगर विमान नहीं है । II. कुछ नगर विमान हैं ।

**प्र.39.** कथन : **सभी धातुएं द्रव हैं । सभी द्रव गैसे हैं ।**
निष्कर्ष : I. सभी धातुएं गैसे हैं II. कम से कम कुछ गैसे द्रव हैं ।


**प्र.40.** कथन : **कुछ शहर नगर हैं । कुछ गांव शहर हैं ।**
निष्कर्ष : I. कम से कम कुछ गांव नगर हैं । II. कोई गांव नगर नहीं है ।

**प्र.41-50.** निम्नलिखित हर प्रश्न में यदि क्रम जारी रहा तो दाहिनी ओर दी गई पाँच उत्तर आकृतियों में से कौनसी उत्तर आकृति बायीं ओर की प्रश्न-आकृतियों के तत्काल बाद आनी चाहिये ?

**Q.41-50.** In each of the questions given below which one of the five answer figures on the right should come after the problem figures on the left, if the sequence were continued ?


**प्रश्न आकृतियाँ / PROBLEM FIGURES** | **उत्तर आकृतियाँ / ANSWER FIGURES**

**प्र./Q.41.**




1 2 3 4 5

**प्र./Q.42.**




1 2 3 4 5

**प्र./Q.43.**




1 2 3 4 5

**प्र./Q.44.**




1 2 3 4 5

**प्र./Q.45.**



1 2 3 4 5


**प्र./Q.46.**





1 2 3 4 5

**प्रश्न आकृतियाँ / PROBLEM FIGURES** **उत्तर आकृतियाँ / ANSWER FIGURES**


प्र./Q.47.



प्र./Q.48.



प्र./Q.49.



प्र./Q.50.

